Title: Need to provide medical facilities to the people affected by heat stroke in Madhya Pradesh.

श्री चन्द्रशेखर साहू (महासुमन्द): महोदय, मैं आपका ध्यान एक महत्वपूर्ण समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं। मध्य प्रदेश में गरमी और लू से अब तक ४० लोगों की मृत्यु हो चुकी है। अकेले रायपुर में, सभापति महोदय, आज की दिनांक तक २२ लोग मारे जा चुके हैं।

पूरा सरकारी अस्पताल खाली पड़ा है, क्योंकि जितने स्वास्थ्य कर्मी हैं, नर्सों का स्टाफ है तथा और भी जो एम्प्लाइज़ हैं उनकी हड़ताल जारी है।

सभापति महोदय, ज्यों-ज्यों गर्मी बढ़ी है त्यों-त्यों लोगों की मौतों का सिलसिला भी बढ़ा है और ऐसी स्थिति है कि वहां जो हालात हैं उस पर केन्द्र की नजर और केन्द्र का हस्तक्षेप जरूरी है, इस पर आपका और सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि जो चिकित्सकीय सहायता हो सकती है वह उपलब्ध कराएं और जो सरकार की बेशर्मी है कि एक तरफ लोगों में गर्मी और मौसम में गर्मी है तथा दूसरी तरफ मध्य प्रदेश सरकार की बेशर्मी है, दोनों भयंकर हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि सरकार इस पर हस्तक्षेप करे। लोगों को मरने से बचाए, इतना ही मेरा आपसे कहना है।